हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 25 सितंबर 2026

04 घर में रहकर मुक्ती का स्वाद मिल सकता है, मुक्ति नहीं : मुनिश्री



09 शराब दुकान में तोड़फोड़ के बाद पुलिस ने 22 नामजद व 5 अन्य पर ...



समाचार संक्षेप

सिंघबासा तालाब पर पूर्णिमा को होगी भव्य गंगा आरती

गुना। गंगा समग्र मध्य भारत प्रांत के तत्वावधान में आगामी पूर्णिमा तिथि को सिंघबासा तालाब पर गंगा आरती का आयोजन किया जाएगा। गंगा आरती का आयोजन शाम 5:30 बजे किया जाएगा।जिला संयोजक पंडित मनोज शर्मा ने बताया कि आगामी गंगा आरती पूर्णिमा तिथि को सिंघबासा तालाब पर श्रद्धा एवं भक्ति के वातावरण में आयोजित होगी। इस अवसर पर श्री प्रभाकर भार्गव रहेंगे।प्रांत संयोजक बृजभूषण शर्मा ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं एवं श्रद्धालुजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर गंगा आरती में सहभागी बनने का आग्रह किया है।

कुंभराज में उत्तम आर्जव धर्म की आराधना

कुंभराज। श्री 1008 महावीर दिगंबर जैन मंदिर में दशलक्षण महापर्व के अवसर पर उत्तम आर्जव धर्म की आराधना श्रद्धाभाव के साथ की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः आचार्य भगवान के विभिन्न शास्त्रों की व्याख्या के साथ हुआ। इसके बाद महापूजन, स्वाध्याय एवं प्रवचन आयोजित किए गए। सागर से पधारीं ब्रह्मचारिणी दीदी ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तम आर्जव धर्म हमें जीवन की वास्तविकता को समझने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि संसार में जो वस्तुएं हमें अपनी दिखाई देती हैं, एक दिन उन्हें छोड़कर जाना ही पड़ता है। इसके बावजूद मनुष्य उन्हें अपना मानता रहता है। जिसे हम अपना समझते हैं, वह वास्तव में कभी हमारा था ही नहीं—इस सत्य को समझना ही उत्तम आर्जव धर्म की भावना है। संध्या के समय सामूहिक सांस्कृतिक कार्यक्रम 'खुल जा भाग्य विधाता' आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की पाठशाला के बच्चों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

शिक्षक धर्मवीर रघुवंशी बने बीआरसी आरोन, संभाला कार्यभार



आरोन। शिक्षक धर्मवीर रघुवंशी को कलेक्टर के अनुमोदन के उपरांत तत्काल प्रभाव से बीआरसी आरोन का प्रभार सौंपा गया है। जिम्मेदारी मिलने के बाद धर्मवीर रघुवंशी बीआरसी कार्यालय पहुंचे और विधिवत अपना कार्यभार ग्रहण किया।कार्यभार ग्रहण करने के अवसर पर शिक्षक एवं शिक्षा विभाग से जुड़े कर्मचारी बीआरसी कार्यालय पहुंचे। इस दौरान विभागीय कार्यों एवं आगामी गतिविधियों को लेकर चर्चा की गई।बीआरसी के रूप में धर्मवीर रघुवंशी विकासखंड आरोन की शैक्षणिक व्यवस्थाओं, शिक्षकों से संबंधित कार्यों तथा विभागीय गतिविधियों के संचालन की जिम्मेदारी संभालेंगे।

युवा संगम में 240 युवाओं को मिले ऑफर लेटर

गुना। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार सेवा संकल्प अभियान के तहत जिला पंचायत विश्राम गृह परिसर में युवा संगम कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत अभिषेक दुबे के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में रोजगार, स्वरोजगार और कौशल विकास की जानकारी युवाओं को दी गई। कार्यक्रम में निजी क्षेत्र की 12 कंपनियों ने भाग लिया। रोजगार के लिए 396 से अधिक युवाओं ने पंजीयन कराया, जिनमें से 288 का प्रारंभिक चयन किया गया और 240 युवाओं को साक्षात्कार के बाद ऑफर लेटर प्रदान किए गए। विभिन्न विभागों की स्वरोजगार योजनाओं के तहत 772 हितग्राहियों को 3 करोड़ 89 लाख रुपए का हितलाभ ऑनलाइन वितरित किया गया। कार्यक्रम में युवाओं को मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना, प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना एवं राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर नगरपालिका उपाध्यक्ष धरम सोनी, जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार, रमेश मालवीय सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।

पुलिस चौकी स्थापित करने और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग

जगनपुर में असामाजिक तत्वों के खिलाफ रहवासियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर के वार्ड क्रमांक 21 अंतर्गत जगनपुर हड्डी मिल इलाके में लगातार पांव पसार रहे असामाजिक तत्वों और पारदी समुदाय के बदमाशों की गुंडागर्दी से आजिज आकर गुरुवार को दर्जनों रहवासियों ने सडक़ पर उतरकर मोर्चा खोल दिया। क्षेत्रीय कांग्रेस पार्षद रामवीर जाटव और शहर कांग्रेस अध्यक्ष रजनीश शर्मा की अगुवाई में आक्रोशित नागरिकों ने रैली निकालकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव किया। एसपी के नाम सौंपे गए ज्ञापन में बदमाशों के नेटवर्क को ध्वस्त करने और जगनपुर में अविलंब पुलिस चौकी स्थापित करने की पुरजोर मांग की गई।



सरेराह मारपीट, लूट और बारात रोकने के आरोप

पार्षद रामवीर जाटव ने पुलिस कप्तान का ध्यान इलाके के भयावह हालात की ओर आकर्षित करते हुए बताया कि जगनपुर क्षेत्र में गब्बू पारदी, नागकन्या, वासु, राहुल, संधू, मन्ना, सुलोचना और मोहर सिंह पारदी का गिरोह बेखौफ होकर आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहा है। क्षेत्रवासियों के साथ आए दिन गाली-गलौज, मारपीट, राहजनी, छीना-झपटी और अवैध शराब की बिक्री आम बात हो चुकी है। रहवासियों ने बेहद गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि क्षेत्र में जब भी अहिरवार समाज की बारात आती है, तो ये बेखौफ बदमाश दूल्हे तक के साथ मारपीट कर खुशियों में खलल डालते हैं।

हिस्ट्रीशीटर पर मेहरबानी और पुलिस पर सवाल

ज्ञापन में उजागर किया गया कि मुख्य आरोपी गब्बू पारदी के खिलाफ विभिन्न थानों में 20 से अधिक गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, इसके बावजूद वह खुलेआम घूमकर नया आतंक फैला रहा है। यही नहीं, प्रदर्शनकारियों ने कोतवाली थाने में पदस्थ एक प्रधान आरक्षक की भूमिका को भी संदिग्ध बताते हुए आरोप लगाया कि उक्त पुलिसकर्मी की पारदी बदमाशों से सांठगांठ है। रहवासियों ने उक्त प्रधान आरक्षक को तत्काल हटाने की मांग उठाई है।

अपहरण और चार लाख की ठगी का मामला भी उठा

प्रदर्शन के दौरान पूर्व की कुछ अनसुलझी वारदातों को भी उठाया गया। ज्ञापन के जरिए म्याना थाने में दर्ज 4 लाख रुपये की ठगी के मामले में कड़ी कार्रवाई तथा तेजा दशमी के अवसर पर बलवीर सिंह सहरिया के अपहरण व उनकी चोटी काटने की जघन्य वारदात में संलिप्त दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की गई। पीड़ित नागरिकों ने दोटूक कहा कि अगर जगनपुर इलाके में जल्द पुलिस चौकी की स्थापना कर पारदियों के अवैध निर्माणों पर बुलडोजर नहीं चलाया गया और गश्त नहीं बढ़ाई गई, तो पूरा वार्ड उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

भार्गव कॉलोनी में जलभराव का संकट

मुख्य चौराहा बना गंदे पानी का तालाब, रहवासी परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर के वार्ड क्रमांक 18 की भार्गव कॉलोनी में जल निकासी व्यवस्था ध्वस्त होने से रहवासियों की परेशानी बढ़ गई है। कॉलोनी के नालों और नालियों पर कथित अतिक्रमण के कारण पानी की निकासी बाधित होने का आरोप है। नतीजतन नालियों का गंदा पानी बहकर मुख्य चौराहे पर जमा हो रहा है। दिनभर जमा रहने वाले दूषित और दुर्गंधयुक्त पानी के कारण जहां लोगों का पैदल निकलना मुश्किल हो गया है, वहीं आसपास के रहवासियों में संक्रमण और बीमारियां फैलने की आशंका है।

चौराहे पर जमा हो रहा गंदा पानी

रहवासियों के अनुसार, जल निकासी का मार्ग अवरुद्ध होने से नालियों का पानी सड़कों पर बह रहा है। मुख्य चौराहे पर लगातार गंदा पानी जमा रहने से राहगीरों और वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि लोगों को गंदे पानी के बीच से होकर आवागमन करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि समस्या को लेकर नगर पालिका के अधिकारियों को कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन स्थायी समाधान नहीं हो पाया। रहवासियों ने आरोप लगाया कि नालियों पर प्रभावशाली लोगों द्वारा किए गए कथित अतिक्रमण के कारण निकासी व्यवस्था प्रभावित हुई है। नागरिकों ने प्रशासन से पूरे मामले की जांच कर अतिक्रमण हटाने की मांग की है।

भीम आर्मी ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के संवैधानिक अधिकारों से जुड़े मुद्दे उठाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

भीम आर्मी भारत एकता मिशन की जिला इकाई ने गुरुवार को जिला मुख्यालय पर बड़ा शक्ति प्रदर्शन किया। संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता दोपहर में एक विशाल रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां उन्होंने जिला प्रशासन के माध्यम से देश की राष्ट्रपति को संबोधित एक व्यापक मांग पत्र सौंपा। ज्ञापन के जरिए अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्ग के संवैधानिक अधिकारों की बहाली एवं सशक्तिकरण के लिए कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए गए।



आरक्षण के भीतर कोटा तय करने की पैरवी

ज्ञापन में भीम आर्मी ने संसद व विधानसभाओं में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को लेकर मांग रखी कि एससी, एसटी और पिछड़ा वर्ग की महिलाओं के लिए पूर्व निर्धारित कोटे के भीतर ही अलग से 50 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही, संगठन ने उत्तर प्रदेश के कन्नौज, आंबेडकर नगर, जालौन और सहारनपुर स्थित उन मेडिकल कॉलेजों में एससी/एसटी वर्ग के छात्रों के लिए पूर्व में लागू 70 प्रतिशत आरक्षण को अविलंब बहाल करने पर जोर दिया, जिनका निर्माण स्पेशल कम्पोनेंट प्लान के तहत हुआ था।

जातिगत जनगणना की मांग

भीम आर्मी ने न्यायिक जवाबदेही पर सवाल उठाते हुए उच्च न्यायपालिका (हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट) में न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए प्रचलित कॉलेजियम व्यवस्था को समाप्त कर एक पारदर्शी उच्च न्यायिक आयोग गठित करने की पुरजोर मांग की। साथ ही, आगामी जातिगत जनगणना में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए अलग कॉलम शामिल करने और सरकारी सेवाओं की पदोन्नति में आरक्षण व्यवस्था को पूरी तरह लागू करने की बात कही। इसके अतिरिक्त, अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम (एट्रोसिटी एक्ट) के तहत पीड़ितों को दी जाने वाली सहायता/मुआवजा राशि को बढ़ाकर 30 लाख रुपये करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि शोषित व वंचित वर्गों की इन जायज मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया, तो संगठन देशव्यापी आंदोलन शुरू करेगा।

मप्र लेखक संघ ने आयोजित की काव्यगोष्ठी

काव्य रस : साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं से बांधा समां



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

मध्यप्रदेश लेखक संघ की गुना जिला इकाई द्वारा राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की जयंती के उपलक्ष्य में एक स्थानीय होटल में गरिमामय काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण के साथ हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. सतीश चतुर्वेदी ने दिनकर जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए कहा कि वे सही मायनों में जन-जन के राष्ट्रकवि थे। राज्यसभा सदस्य रहते हुए भी उन्होंने कभी सच कहने में हिचकिचाहट नहीं दिखाई। आज के साहित्यकारों और राजनेताओं को उनके निडर आचरण से सीख लेनी चाहिए।


कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे लेखक संघ के प्रादेशिक उपाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह सेंगर ने रश्मिरथी के ओजस्वी अंशों का पाठ किया। इसके बाद रचनापाठ के दौर में अनिरुद्ध सिंह सेंगर, प्रेम सिंह प्रेम और गीतकार सुनील शर्मा चीनी ने अपनी सारगर्भित पंक्तियों से श्रोताओं की खूब वाहवाही लूटी। संगोष्ठी में हरीश सोनी, कल्पना शर्मा, डॉ. शोभा सिंह एवं विकास सिंह ने भी अपनी काव्य रचनाओं की सुंदर प्रस्तुतियां दीं। काव्यगोष्ठी का सफल संचालन गीतकार सुनील शर्मा चीनी ने किया।

शिक्षा का स्तर सुधारने गंभीरता से करें काम : कलेक्टर

गुना। कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। कलेक्टर ने अधिकारियों को शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए गंभीरता एवं पूरी जिम्मेदारी से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। सभी बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के साथ ड्रॉपआउट बच्चों की संख्या कम करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। विद्यालयों में ऐसा वातावरण बनाया जाए, जिससे बच्चों की पढ़ाई में रुचि बढ़े। कलेक्टर ने अधिकारियों को नियमित रूप से विद्यालयों का निरीक्षण कर मैदानी स्थिति की जानकारी लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्य में लापरवाही करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। पहले समझाइश के बाद भी सुधार नहीं होने पर वेतन कटौती और लगातार लापरवाही पर निलंबन की कार्रवाई प्रस्तावित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक दुबे ने पीपीटी के माध्यम से पोर्टल 3.0 पर नामांकन, पाठ्यपुस्तक वितरण सहित शिक्षा विभाग से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा प्रस्तुत की।



220 केवी उपकेंद्र पर मेंटेनेंस से शहर में हाहाकार, शाम 5 बजे तक ठप रही बिजली



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर में बिजली कंपनी के मेंटेनेंस कार्य के नाम पर गुरुवार को जनता को भारी फजीहत झेलनी पड़ी। 220 केवी उपकेंद्र पर मरम्मत और स्ट्रक्चर बदलने के लिए सुबह लिया गया शट-डाउन तय समय सीमा बीतने के बाद भी जारी रहा। कंपनी ने सुबह 9 से शाम 4 बजे तक बिजली कटौती का दावा किया था, लेकिन शाम 5 बजे तक भी शहर के बड़े हिस्से में बत्ती गुल रही। भीषण उमस और गर्मी के बीच घंटों ठप रही बिजली आपूर्ति से शहरवासियों का गुस्सा चरम पर पहुंच गया।विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 220 केवी उपकेंद्र गुना पर स्थापित 33 केवी मेन बस के सेक्शन बी एवं सी के मेनबस स्ट्रक्चर चैनल तथा बसबार कंडक्टर बदलने का काम किया गया। इसके चलते शहर जोन से जुड़े समस्त 33 केवी और 11 केवी फीडर पूरी तरह बंद रखे गए।

पानी का संकट, काम-काज रहा ठप

सुबह 9 बजे से ही बिजली कट जाने के कारण शहर के कई इलाकों में जलापूर्ति भी ठप हो गई। नलों में पानी न आने से दैनिक दिनचर्या पूरी तरह पटरी से उतर गई। लोग पीने के पानी और घरेलू कामकाज के लिए बूंद-बूंद को तरसते नजर आए। दुकानदारों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का कामकाज भी दिनभर बुरी तरह प्रभावित रहा।

व्यापारिक संगठनों ने जताई चिंता, सांसद के माध्यम से सरकार तक पहुंचाएंगे मांग

व्यापारियों ने MDR अधिभार वापस लेने की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

स्थानीय होटल राजश्री में कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के बैनर तले प्रदेश सचिव एवं व्यापार एवं उद्योग महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में विभिन्न व्यापारिक एवं औद्योगिक संगठनों की वृहद बैठक आयोजित की गई। बैठक में सरकार द्वारा लगाए गए नए MDR अधिभार को लेकर व्यापारियों ने अपने विचार व्यक्त किए और इसे वापस लेने की मांग की। बैठक में व्यापार एवं उद्योग महासंघ, चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, जिला केमिस्ट एसोसिएशन, ऑटोमोबाइल एसोसिएशन, क्लॉथ मर्चेंट एसोसिएशन, सराफा एसोसिएशन, किराना एसोसिएशन, जिला उद्योग संघ, मैरिज गार्डन एसोसिएशन, वितरक संघ, गल्ला व्यापारी संघ, बिल्डिंग मैटेरियल एसोसिएशन, टाइल्स-मार्बल एसोसिएशन, पेट्रोल पंप एसोसिएशन, बर्तन व्यापारी संघ, फुटवेयर एसोसिएशन, मोबाइल विक्रेता संघ, कृषि आदान संघ, ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कैट के प्रदेश सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि सरकार के इस अप्रत्याशित कदम से प्रतिस्पर्धा के दौर में व्यापारियों पर अतिरिक्त कर का बोझ बढ़ेगा, जिसका सीधा असर उनके व्यवसाय पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि व्यापारी देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और देश के विकास में सरकार के साथ खड़े हैं। इस मुद्दे पर किसी प्रकार का दुष्प्रचार या विरोध करने के बजाय व्यापारियों की मांग को कैट के प्रदेश एवं राष्ट्रीय नेतृत्व तथा क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के माध्यम से मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री तक पहुंचाया जाएगा।



अग्रवाल ने कहा कि कई व्यापारियों का मुनाफा महज एक से दो प्रतिशत तक होता है। ऐसे में अतिरिक्त भार बढ़ने से व्यापार करना और चुनौतीपूर्ण हो जाएगा। उन्होंने डिजिटल इंडिया मिशन पर भी इसके संभावित प्रभाव की बात कही।

व्यापारियों पर पड़ने वाले अतिरिक्त भार

सीसीआई के चेयरमैन अमित सौगानी ने बैठक में MDR अधिभार से व्यापारियों पर पड़ने वाले अतिरिक्त भार की विस्तार से जानकारी साझा की। बैठक में मौजूद विभिन्न व्यापारिक संगठनों के प्रमुखों ने एकमत होकर सरकार से MDR अधिभार पर पुनर्विचार कर इसे वापस लेने की मांग की।

पदाधिकारियों की मौजूदगी

इस अवसर पर कैट के प्रदेश सचिव राजेश अग्रवाल, महासंघ सचिव प्रद्युम्न जैन, उपाध्यक्ष विनीत सेठ, सीसीआई चेयरमैन अमित सौगानी, कैट कोषाध्यक्ष प्रदीप मित्तल एवं कैट उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार नीखरा मंचासीन रहे।

कार्यक्रम के अंत में सीसीआई सचिव गौरव अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया। बैठक के दौरान विभिन्न एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने MDR अधिभार वापस लिए जाने की मांग संबंधी पत्र कैट के प्रदेश सचिव राजेश अग्रवाल को सौंपे।

समाचार संक्षेप

सांदीपनि मॉडल स्कूल राघौगढ़ में 'उमंग दिवस' आयोजित, शिक्षक-छात्र हुए सम्मानित



राघौगढ़। सांदीपनि मॉडल स्कूल राघौगढ़ में 'उमंग दिवस' का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश शासन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) एवं एनजीओ 'भारतीय ग्रामीण महिला संघ' (BGMS) की संयुक्त पहल के तहत आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को जीवन कौशल एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम की रूपरेखा आरोग्य दूत श्रीमती लक्ष्मी मिश्रा एवं अमन कश्यप द्वारा तैयार की गई। मंच संचालन राजीव यादव ने किया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार तिवारी ने की। इस अवसर पर उप प्राचार्य शोभा भील, प्रधान अध्यापक जितेंद्र कुमार जैन एवं प्राथमिक एचएम चैन सिंह सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

'न्याय के स्वर' में चाचौड़ा के अधिवक्ता रंजीत सिंह गौर की कविता शामिल



चाचौड़ा। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रकाशित पुस्तक 'न्याय के स्वर' में चांचौड़ा, जिला गुना के अधिवक्ता रंजीत सिंह गौर की कविता 'आइए, आइए... विधिक जागरूकता शिविर में आइए' को शामिल किया गया है। कविता के माध्यम से आमजन को अपने कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और विधिक जागरूकता शिविरों का लाभ लेने का संदेश दिया गया है। रचना में गरीब, महिला, वृद्ध, दिव्यांग और बच्चों के अधिकारों के साथ पात्र लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध होने की जानकारी दी गई है। कविता में लोक अदालत, स्थायी लोक अदालत और मध्यस्थता के माध्यम से विवादों के सरल एवं कम खर्चीले समाधान का उल्लेख किया गया है। साथ ही अपराध पीड़ितों के अधिकार, पीड़ित प्रतिकर योजना, बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता, बाल अधिकार और नारी सम्मान जैसे विषयों को भी स्थान दिया गया है। 'न्याय के स्वर' में न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं, पैरा लीगल वालेंटियर्स सहित विभिन्न वर्गों की रचनात्मक अभिव्यक्तियों को शामिल किया गया है। पुस्तक के माध्यम से न्याय, समानता, स्वतंत्रता, बंधुत्व और मानवीय गरिमा जैसे मूल्यों को साहित्य एवं कला के जरिए जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है।

डोल ग्यारस पर विभिन्न स्थानों पर पूजा-अर्चना, श्रद्धालुओं का किया स्वागत



चाचौड़ा। डोल ग्यारस एवं भगवान के विमान कार्यक्रमों के अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अर्चना बल्लू चौहान ने बीनागंज, चाचौड़ा, मृगवास एवं कुंभराज सहित विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर धार्मिक आयोजनों में सहभागिता की। उन्होंने भगवान के विमानों की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।इस दौरान अर्चना बल्लू चौहान ने श्रद्धालुओं का फूल-मालाओं से स्वागत किया।

उत्तम आकिंचन्य धर्म पर मंगल प्रवचन

घर में रहकर नुक्ती का स्वाद मिल सकता है, मुक्ति नहीं : मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



जैन धर्म के पवित्र दस लक्षण पर्व के नौवें दिन उत्तम आकिंचन्य धर्म के अवसर पर आयोजित विशाल धर्मसभा में दिगंबर जैन आचार्य विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य, महान तपस्वी एवं बुंदेली महाकवि मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन दिए। मुनि श्री ने कहा कि उत्तम आकिंचन्य धर्म हमें यह प्रेरणा देता है कि संसार में अथवा घर-गृहस्थी में जो कुछ भी है, वह वास्तव में किंचित भी मेरा नहीं है। संसार के सभी प्राणियों को वस्तु के वास्तविक स्वरूप का ज्ञान नहीं है। जो नश्वर है, उसे अपना मानकर जीवन जीने वाले मिथ्यादृष्टि कहलाते हैं। उन्होंने कहा कि घर-गृहस्थी में रहकर वैराग्य के भाव उत्पन्न करना कठिन है। घर में रहकर नुक्ती का स्वाद तो मिल सकता है, लेकिन मुक्ति नहीं मिल सकती। संसार में ऐसे वैरागी संत भी हैं, जिन्होंने घर-गृहस्थी और संसार का त्याग कर जंगल का आश्रय लिया, लेकिन जंगल में जिस कुटिया में वे रहते हैं, उसे भी अपना मान लेना जैन दर्शन के अनुसार परिग्रह ही है। मुनि श्रमण सागर जी ने कहा कि दुनिया में लाखों-करोड़ों लोगों को वैराग्य की वास्तविक परिभाषा का ज्ञान नहीं है। दिगंबर मुनि शुद्धि के लिए कमंडल, संयम पालन के लिए पिच्छिका तथा ज्ञानार्जन के लिए शास्त्र रखते हैं। ये उपकरण साधना के लिए आवश्यक बताए गए हैं, फिर भी इनके प्रति ममत्व रखना किंचित परिग्रह की श्रेणी में आता है। उन्होंने कहा कि जैन मुनि दीक्षा के समय कठोर साधना का व्रत लेते हैं। कठोर तपस्या करते हुए यदि शिथिलाचार आता है तो दिगंबरत्व का मूल्य कम हो जाता है। उन्होंने कहा कि श्रावकों द्वारा मुनिराज की आवश्यकता से अधिक चापलूसी करना भी मोक्ष मार्ग को कठिन बनाता है। जहां-जहां वस्तु है, वहां कदम-कदम पर राग की संभावना है। मुनि श्री ने अपने दीक्षा गुरु आचार्य विद्यासागर जी महाराज के वचनों का उल्लेख करते हुए कहा कि संत की अंतिम कमजोरी ख्याति और पूजा की चाह होती है। उन्होंने प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ के सुपुत्र भरत चक्रवर्ती का उदाहरण देते हुए कहा कि जैन दर्शन में चक्रवर्ती छह खंडों के अधिपति माने गए हैं। उनके पास 96 हजार रानियां तथा 32 हजार मुकुटबद्ध राजा अधीनस्थ बताए गए हैं। इसके बावजूद भरत चक्रवर्ती के जीवन में वैराग्य का भाव जागृत हुआ।

जल झूलनी एकादशी पर निकला विमानों का भव्य चल समारोह



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज

जल झूलनी एकादशी के पावन अवसर पर हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में विमानों का भव्य चल समारोह निकाला गया। श्री हनुमान अखाड़े के साथ चल समारोह अग्रवाल मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकला। इस दौरान 10 विमानों में भगवान की मनोरम झांकियां सजाई गईं, जिनका विभिन्न संगठनों एवं श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा और पूजा-अर्चना कर स्वागत किया। चल समारोह के दौरान श्री हनुमान अखाड़े के अखाड़ेबाजों ने हैरतअंगेज करतबों का प्रदर्शन किया, जिसे देखकर उपस्थित लोग मंत्रमुग्ध हो गए। इस अवसर पर विधायक प्रियंका पेची, मंडल अध्यक्ष रोहित कासट, नगर परिषद अध्यक्ष शारदादेवी साहू, उपाध्यक्ष विक्रम सिंह मीना सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने विमानों का स्वागत किया। जय माताजी मित्र मंडल, भारत विकास परिषद एवं राधावल्लभ समिति सहित अन्य संगठनों ने भी पूजा-अर्चना कर विमानों का स्वागत किया। भमावद तिराहे पर भाजपा एवं कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा आमने-सामने विमानों का स्वागत एवं पूजन किया गया। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अर्चना बल्लू चौहान सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे।

मासिक संगोष्ठी: मनुष्य जीवन साधना और मोक्ष का द्वार है

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन






अशोकनगर जिले के ग्राम गरेठा में श्रीरामचरितमानस की 126वीं मासिक संगोष्ठी आयोजित हुई। पांच घंटे चली संगोष्ठी में गुना, अशोकनगर, शिवपुरी एवं विदिशा जिलों से सैकड़ों मानस प्रेमियों ने भाग लिया। सत्संग में 'बड़े भाग मानुष तन पावा' प्रसंग पर सारगर्भित विचार-विमर्श हुआ। वक्ताओं ने रामचरितमानस के संदर्भ में कहा कि मनुष्य शरीर अत्यंत दुर्लभ है और यह साधना तथा मोक्ष का द्वार है। मानव जीवन का उद्देश्य केवल विषय-भोग नहीं, बल्कि सद्कर्म, आत्मचिंतन और निरंतर ईश्वर स्मरण है। मनुष्य जीवन पाकर भी यदि व्यक्ति सांसारिक मोह में डूबा रहे तो वह अमूल्य अवसर खो देता है। रघुवंश मानस प्रचार-प्रसार मंडल, मध्यप्रदेश द्वारा ग्रामीण अंचलों में पिछले 12 वर्षों से मासिक मानस संगोष्ठियों का आयोजन किया जा रहा है। संगोष्ठी में दानदाताओं के सहयोग से रामचरितमानस सहित गीताप्रेस के सद्ग्रंथ 50 प्रतिशत छूट पर उपलब्ध कराए जाते हैं। ग्रंथ परिवहन के लिए घनश्याम सिंह तरुण एजेंसी गुना द्वारा निःशुल्क वाहन सहयोग तथा ग्रंथ संधारण एवं वितरण में रामकुमार सिंह हिनोतिया द्वारा सेवा दी जा रही है। संगोष्ठी सूत्रधार ओमवीर सिंह रघुवंशी (आरोन) ने बताया कि अगली मासिक मानस संगोष्ठी 18 अक्टूबर, रविवार को ग्राम सुमेर (मगराना) में आयोजित होगी।

रेलवे गेट पर 'जल्दबाजी' बन रही जी का जंजाल रॉन्ग साइड वाहन से लगता है लंबा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ चाचौड़ा



शहर के रेलवे गेट पर ट्रेन आने से पहले बैरियर बंद होते ही वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। कुछ मिनटों के लिए बंद होने वाला गेट कई बार वाहन चालकों की जल्दबाजी और अनुशासनहीनता के कारण बड़े जाम में तब्दील हो जाता है। समस्या का एक कारण व्यवस्था के साथ वाहन चालकों की अपनी लापरवाही भी सामने आती है।रॉन्ग साइड घुसने से बिगड़ती है स्थितिगेट बंद होते ही कई वाहन चालक कतार में खड़े रहने के बजाय आगे निकलने की कोशिश में रॉन्ग साइड वाहन खड़े कर देते हैं। इससे दूसरी दिशा से आने वाले वाहनों का रास्ता भी अवरुद्ध हो जाता है और देखते ही देखते चारों ओर वाहनों की कतार लग जाती है। चंद मिनट बचाने की जल्दबाजी में वाहन चालक खुद भी लंबे समय तक जाम में फंस जाते हैं।धैर्य और अनुशासन से ही मिल सकती है राहतरेलवे गेट पर यातायात व्यवस्था बनाए रखना केवल पुलिस और प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है। वाहन चालकों को भी अपनी जिम्मेदारी समझते हुए निर्धारित लेन में वाहन खड़ा करना चाहिए और गेट खुलने तक धैर्य रखना चाहिए। गलत दिशा में वाहन खड़ा करने से परेशानी बढ़ती है।एंबुलेंस और राहगीरों को सबसे ज्यादा परेशानीजाम की स्थिति में आम राहगीरों के साथ आपातकालीन वाहनों को भी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में जरूरी है कि वाहन चालक जल्दबाजी और रॉन्ग साइड चलने से बचें। रेलवे गेट पर थोड़े समय का धैर्य ही पूरे यातायात को सुचारु रखने में मदद कर सकता है।ओवर ब्रिज ही एकमात्र विकल्प विधायक प्रियंका पेची ने भी रेलवे विभाग को पत्र लिखा लेकिन अभी समस्या जस की तस है।पूर्व विधायक लक्ष्मण सिंह भी ने कोशिश की लेकिन कोई हल निकलता नहीं दिख रहा है।नगर के अधिवक्ता राजीव श्रीवास्तव ने कहा कि रेलवे यदि ओवर ब्रिज बनाने की सारी समस्या हल हो सकती है दुखी बीमारी के समय गेट लगने पर लोगों को भारी में मशक्कत करना पड़ती है ।

गांव में कथित अवैध गतिविधियों को लेकर ग्रामीणों ने दिया आवेदन



हरिभूमि न्यूज ⏭ ईसागढ़

ग्राम महौली, तहसील चंदेरी के ग्रामीणों ने गांव में कथित रूप से लंबे समय से चल रही अवैध गतिविधियों और धमकी दिए जाने के आरोपों को लेकर ईसागढ़ थाना प्रभारी को लिखित आवेदन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

आवेदन में ग्रामीणों ने बुंदेल पाल, गणेश पाल, कुंवरपाल, वीर सिंह पाल सहित अन्य लोगों पर आरोप लगाते हुए बताया कि कुछ लोग कथित तौर पर करीब 5 वर्षों से शराब बेचने, गांजा लगाने और जुआ खेलने जैसी गतिविधियों में संलिप्त हैं। आवेदन के अनुसार पुलिस द्वारा कुछ लोगों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने के बाद कथित रूप से आवेदक पक्ष को ही धमकियां दी जा रही हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि संबंधित लोगों द्वारा सार्वजनिक रूप से धमकी दी जा रही है कि उन्होंने शिकायत क्यों की और पुलिस तक मामला क्यों पहुंचाया। आवेदन में यह भी कहा गया है कि कथित धमकियों के चलते गांव में महिलाओं एवं बच्चियों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है और ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है।

आवेदन में महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार तथा गांव में अशांति फैलाने के भी आरोप लगाए गए हैं। इसके अलावा ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव के चैराहे पर लगी महारानी अवंती बाई लोधी की प्रतिमा को हटाने की धमकी भी दी जा रही है। ग्रामीणों ने थाना प्रभारी से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपों की सत्यता की पुष्टि की जाए तथा दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि गांव में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनी रहे। यह आवेदन 24 सितंबर 2026 को थाना प्रभारी ईसागढ़ के नाम प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों के नाम एवं हस्ताक्षर दर्ज हैं।

वृक्षारोपण कर मनाया एनएसएस दिवस

राव माधव स्कूल की इकाई द्वारा मानव श्रृंखला, नुक्कड़ नाटक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



नगर के राव माधव हायर सेकेंडरी स्कूल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी राघवेंद्र सिंह रघुवंशी एवं स्वयंसेवकों द्वारा 24 सितंबर राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस का आयोजन विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित कर बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया।

कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय परिसर में एनएसएस शब्द की मानव श्रृंखला बनाकर वृक्षारोपण किया गया इसके पश्चात इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा नगर पालिका अशोकनगर जाकर नगर पालिका के सीएमओ विनोद कुमार उन्नीथन ,पार्षद महेंद्र भारद्वाज , सत्तू लोधी , एवं नगर पालिका के सभी कर्मचारीगण के समक्ष नशा विरोधी नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी जिसमें स्वयंसेवकों द्वारा बताया गया कि नशीले पदार्थों से कैंसर तो होता ही है साथ ही ग्रह कलेश एवं परिवार के खंडन का कारण भी बनता है इस मौके पर पार्षद महेंद्र भारद्वाज ने उपस्थित सभी आमजन को नशा मुक्ति शपथ दिलाई इस अवसर पर विद्यालय उप प्राचार्या मुस्कान

कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

अशोकनगर। सेवा संकल्प अभियान 2026 अंतर्गत बड़नगर से वाराणसी तक जल जन सेवा यात्रा का आयोजन किया गया है। यह यात्रा जिले में 26 सितम्बर से 27 सितम्बर 2026 को रहेगी। रूट क्रमांक 01 यात्रा जिले की तहसील मुंगावली,पिपरई,चंदेरी, बहादुरपुर, अशोकनगर से होती हुई जिला गुना में प्रवेश करेगी। रूट क्रमांक 06 यात्रा तहसील चंदेरी, ईसागढ़, नईसराय से होती हुई जिले गुना में प्रवेश करेगी। इस दौरान कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें। कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा जिले में यात्रा के आगमन पर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की डयूटी लगाई गई है। साथ ही आयोजित कार्यक्रमों के लिए नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

जल झूलनी एकादशी पर रातभर गूंजे भजनों के स्वर


हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरई



जल झूलनी एकादशी के अवसर पर पिपरई नगर परिषद के समीप ग्राम खोरीबरी स्थित भोले बाबा मंदिर (शिव शक्ति) प्रांगण में प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी विमान जी का महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विमान जी को मंदिर प्रांगण में विराम दिया गया और विधि-विधान से जलविहार कराया गया। इस अवसर पर ग्राम खोरीबरी सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कार्यक्रम में शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने भगवान की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। धार्मिक आयोजन के दौरान पूरे मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा। कार्यक्रम के बाद रात्रि में भजन संध्या का आयोजन किया गया। इसमें खोरीबरी, गढ़ला, पिपरई, बिजलीपुर, मूडरी, कैथन, प्यासी, मौजदी, सिहोरा सहित आसपास के गांवों से पहुंचे भजन मंडलियों और गायकों ने देर रात तक एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दीं। श्रद्धालु पूरी रात भजनों पर झूमते नजर आए। आयोजन में ग्राम खोरीबरी के चैधरी राम सिंह यादव सहित गढ़ी परिवार और आसपास के ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा। बड़ी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी और भक्ति भाव के साथ जल झूलनी एकादशी का यह धार्मिक महोत्सव संपन्न हुआ।

स्थानीय गणेश मंदिर में क्षत्रिय स्वर्णकार समाज द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



स्थानीय श्री गणेश मंदिर में क्षत्रिय स्वर्णकार समाज द्वारा श्री गणेशोत्सव के उपलक्ष्य में चल रहे सांस्कृतिक आयोजनों की श्रृंखला में बुधवार रात्रि स्थानीय कवियों द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। देवेंद्र सोनी अध्यक्ष ने कवियों का आभार व्यक्त कर शॉल एवं श्रीफल से स्वागत किया।

कवि सम्मेलन की शुरुआत हास्य कवि महेश श्रीवास्तव की हास्य गणेश वन्दना-गजानन वर दे, सब भ्रष्टाचारियों के तन में स्पेशल बदबू भर दे से किया गया एवं हास्य रचनाओं से लोगों को खूब हँसाया।उन्होंने श्रोताओं की फरमाइश पर कविता-तुम अगर आदमी को आदमी समझो तो चलें चाय पियें कवि जगदीश शर्मा सहज ने छंद, गीतों-लोकमंगल की कला का ज्ञान दो माँ शारदे, शुतुम अगर कविता बनो तो गीत मैं बन जाऊँगा, एवं जिंदगी का सुहाना सफ़र दोस्तो, ताज़गी से रहो तरबतर दोस्तो आदि गीतों के माध्यम से पांडाल में समां बाँधा उसके बाद ग़ज़लकार आर0पी0 कामिल ने खूबसूरत गजलों की प्रस्तुति दी। जिसमें-दुनिया में चमकता है ये वतन तो सितारा है, इस वतन को लहू देकर शहीदों ने सँवारा हैश को श्रोताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से सम्मान दिया। लक्ष्मीनारायण सोनी पीटीआई ने रचना मेरे मान अभिमान से बड़े हो गए, हम घर में छोटे थे आसमान में बड़े हो गए। आज माँ बाप घर में भूखे सो गए, लगता है घर में बच्चे बड़े हो गए एवं पति पत्नी पर हास्य व्यंग्य की रचनाओं से श्रोताओं को बहुत गुदगुदाया।

दूधनाथ मधुकर ने चिरपरिचित अंदाज़ में गीत-फूलों से भी प्यारा गुलशन से भी हसीं है मेरे जिले के जैसा कोई जिला नहीं है पढ़कर अशोकनगर जिले की गरिमा एवं ऐतिहासिक स्थल एवं विभूतियों का गीत के माध्यम से परिचय कराया। विजयपुर गुना से कवि सम्मेलन में शामिल हुए कवि प्रमोद सोनी सुपुत्र स्व. रामसेवक सोनी ने अपने गीत बुद्धि के विधाता हैं ये विघ्न विनाशक हैं, संकट सभी के ही मिटाते हैं गणेश जी,माता पिता की ही सेवा सबसे बड़ी है सेवा लगा के परिक्रमा बताते हैं गणेश जी सुनाया एवं अन्य मनोहारी मुक्तक,गीतों से दर्शकों को देर रात तक बाँधे रखा।

कवि दिनेश बिरथरे ने वीर बलिदानियों की याद में भारत भूमि की व्यथा को व्यक्त करती रचना-माँ का बंटवारा मत करना वह तो सदियों से है घायल,बलिदान हो गए बेटे जो उनके चिंतन में है पागल ओज की रचनाओं का वाचन किया। उन्होंने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में देश व समाज की वर्तमान परिस्थियों पर चिंता व्यक्त कर नौजवानों में राष्ट्रीय भावना की सख्त की आवश्यकता पर बल दिया। कवि सम्मेलन के सहयोगी साथी-सर्व मनोज सोनी, अमित सोनी पठा वाले, राकेश सोनी,संजय सोनी, अनिल जड़िया, राजेश सोनी शिक्षक, अजय सोनी, मुकेश सोनी, मृदुल सोनी, रघुवीर सोनी, राजेन्द्र सोनी एवं समाज के अन्य लोगों ने कार्य किया।

युवाओं को मिलेगा औद्योगिक इकाइयों और प्रतिष्ठानों में ट्रेनिंग का अनुभव

अशोकनगर। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र अशोकनगर, महा प्रबंधक सतेन्द्र लोधा ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना के पहले चरण में नेहरु डिग्री कॉलेज, अशोकनगर के 16 होनहार विद्यार्थियों को चिन्हांकित किया गया है। इन विद्यार्थियों को जिले एवं आसपास के प्रमुख सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों, सर्विस सेक्टर्स एवं कॉर्पोरेट संस्थानों में ट्रेनिंग के लिए संबद्ध (डंच) किया जा रहा है। उद्योगों के लिए प्रोत्साहन, हर कर्मचारी पर 5,000 की सब्सिडी यह योजना केवल छात्रों ही नहीं, बल्कि स्थानीय उद्योगपतियों के लिए भी अत्यंत लाभदायक है। उद्योगों को उनकी जरूरत के मुताबिक स्किल्ड युवा मिलेंगे। साथ ही, श्म.प्र. एमएसएमई विकास नीति 2025 के तहत जो उद्योग ट्रेनिंग पूरी होने के बाद इन छात्रों को अपने यहाँ नियमित नौकरी पर रखेंगे, उन्हें राज्य सरकार द्वारा 5,000 प्रति माह प्रति कर्मचारी की दर से रोजगार सृजन अनुदान भी दिया जाएगा।

स्वामित्व अधिकार योजना के हितग्राहियों की ई केवाइसी को लेकर उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ ईसागढ़



स्वामित्व अधिकार अभिलेख निर्माण एवं पंजीयन वर्ष 2026 योजना के अंतर्गत हितग्राहियों की ई केवाइसी ग्राम पंचायत सचिव एवं सहायक सचिवों के माध्यम से न कराकर मूल राजस्व विभाग के माध्यम से कराए जाने की मांग को लेकर ईसागढ़ में आवेदन सौंपा गया है।

आवेदन में बताया गया है कि स्वामित्व अधिकार योजना के अंतर्गत हितग्राहियों की ई केवाइसी कराई जा रही है। वहीं ग्राम पंचायत सचिवों एवं सहायक सचिवों के पास पंचायत विभाग की कई योजनाओं के संचालन का दायित्व पहले से है। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि ई केवाइसी के साथ-साथ पीएम आवास योजना, शौचालय, पेंशन ई केवाइसी करदाता पंजीयन, संबल योजना, जनकल्याण ई केवाइसी मनरेगा एवं अन्य योजनाओं से संबंधित कार्य भी पंचायत स्तर पर किए जा रहे हैं। आवेदनकर्ताओं का कहना है कि कार्यों का अतिरिक्त भार होने के कारण स्वामित्व अधिकार योजना के अंतर्गत इ केवाइसी कार्य प्रभावित हो सकता है। इसी को देखते हुए उन्होंने मांग की है कि स्वामित्व अधिकार अभिलेख योजना की ई केवाइसी का कार्य मूल राजस्व विभाग के माध्यम से कराया जाए, ताकि योजना का कार्य निर्धारित समय-सीमा में सुचारू रूप से पूरा हो सके।

आवेदन में इस संबंध में कार्यालय कलेक्टर भू-संसाधन प्रबंधन, जिला अशोकनगर के आदेश क्रमांक 1183/भू-सं./2026, दिनांक 23 सितंबर 2026 का भी संदर्भ दिया गया है।आवेदन के माध्यम से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, ईसागढ़ से मामले में आवश्यक कार्रवाई करते हुए स्वामित्व अधिकार अभिलेख योजना की ई केवाइसी मूल विभाग से कराने की मांग की गई है। दिनांक 24 सितंबर 2026 को प्रस्तुत आवेदन पर पंचायत प्रतिनिधियों एवं संबंधित पदाधिकारियों के हस्ताक्षर भी दर्ज हैं।

खबर संक्षेप

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बरखेडी निवासी राजेश कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी संजू कुर्मी, हरिओम ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकरपुर मगरदा निवासी अरूण आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी प्रेम आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

अशोकनगर। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत अमझरा निवासी राजाबेटी पुत्री शेर सिंह आदिवासी उम्र 36 साल ने घर के पास फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

अज्ञात चोर 7400 मीटर बिजली का तार खंबों से चोरी कर ले गए

अशोकनगर। चंदेरी थाने के अंतर्गत ग्राम देवखेडी निवासी सुनील धाकड़ ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कोई अज्ञात चोर मेघासन मंदिर के पीछे चंदेरी से नानक पुर के जगंल तक 17 सितंबर से 18 सितंबर के बीच खंबों का 7400 मीटर तार चोरी कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज किया है।

कई लाड़ली बहनाओं को भी घटना में आरोपी बनाया, 8 को पुलिस ने गिरफ्तार किया

शराब दुकान में तोड़फोड़ के बाद पुलिस ने 22 नामजद व 5 अन्य पर मामला दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंदेरी





एक दिन पहले चंदेरी में चुरारी नयापुरा की शराब की दुकान पर महिलाओं ने बढ़ती घटनाओं को लेकर तोड़फोड़ की बड़ी घटना को अंजाम दिया था, शराब की दुकान से बोतले उठाकर सड़क पर फेंक दी गई थीं, सड़क पर शराब बहती हुई देखी गई थी। उक्त घटना के बाद पुलिस ने 22 पर नामजद व 5 अन्य पर मामला दर्ज किया है, उक्त मामले में पुलिस ने 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें महिलाएं भी शामिल हैं।

घटना की शिकायत भूपेन्द्र पुत्र रूपसिंह यादव निवासी मुंगावली द्वारा दर्ज कराई गई है जिस पर से थाना चंदेरी में विभिन्न धाराओं (बीएनएस की धारा 331(3), 324(4), 191(2), 296(इ), 351(2)) के तहत मामला दर्ज किया गया। चंदेरी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई के लिए टीम गठित कर 24 सितंबर को ग्राम चुरारी और गोराकलां से 8 आरोपियों (4 पुरुष और 4 महिलाएं) को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार पुरुषों में चैहान लोधी, जीवन कोली,प्रदीप साहू, और जगत अहिरवार शामिल हैं, जबकि महिलाओं में उमा बाई, बबीता बाई,रामसखी बाई और मानकुंवर बाई को पुलिस ने हिरासत में लेकर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। जिन आरोपियों पर नामजद मामला दर्ज किया गया है उनमें सुखवती लोधी, उमा भारती अहिरवार, जजिया बाई आदिवासी, पुष्पा अहिरवार, रजनी साहू, गुडडी अहिरवार, रामबाई अहिरवार, जनवेद लोधी, नरेश लोधी, रामंसिह लोधी, भगवान सिंह लोधी, चैहान लोधी, हरिराम अहिरवार, जयराम आदिवासी, श्यामलाल अहिरवार, चार्ली यादव, राजकुमार अहिरवार, भरोषा कोली, जोरावर यादव, संतराम अहिरवार, सभी नामजद है।

शासकीय लाइसेंसी शराब दुकान गोराकलां को हटाने की मांग को लेकर ग्राम गोरा और चुरारी के ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। बुधवार दोपहर करीब 1 बजे दो दर्जन से अधिक महिलाओं और पुरुषों ने शराब दुकान पर पहुंचकर जमकर हंगामा किया और दुकान का ताला तोड़कर तोड़फोड़ की। मामले में चंदेरी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जिसके बाद पुलिस की भूमिका को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

शराब दुकान का ताला तोड़ा, बोतलें फोड़ीं और दी जान से मारने की धमकी

फरियादी पक्ष के अनुसार 23 सितंबर को ग्राम गोराकलां और चुरारी के ग्रामीणों की भीड़ एक राय होकर शराब दुकान बंद कराने पहुंची। विरोध जता रहे लोगों ने दुकान का ताला तोड़ दिया और अंदर रखी शराब की पेटियों को बाहर फेंककर कांच की बोतलें फोड़ दीं। दुकान के कर्मचारियों (देवेंद्र तिवारी, विवेक चंदेल, जितेंद्र परिहार, कृष्णा लोधी) ने जब उन्हें रोकने का प्रयास किया, तो आरोपियों ने उनके साथ अभद्रता की, जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान दुकान में रखा फ्रीज और सीसीटीवी कैमरे भी तोड़ दिए। दुकान के कर्मचारियों का दावा है कि गल्ले में रखे लगभग 5,000 रुपये गायब हैं और कुल मिलाकर 1.64 लाख से 3 लाख रुपये तक के नुकसान का अनुमान है।

लाड़ली बहनों का फूटा गुस्सा विरोध करने पर मिल रहीं हथकड़ियां

दूसरी ओर, पुलिस और प्रशासन की इस कार्रवाई से स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। शराब दुकान बंद कराने की मांग कर रहीं महिलाओं ने सरकार और प्रशासन पर तीखे सवाल दागे हैं। महिलाओं का कहना है कि एक तरफ प्रदेश सरकार महिलाओं को लाड़ली बहना कहकर बड़े-बड़े वादे करती है, वहीं दूसरी तरफ शराब के सामाजिक दुष्परिणामों का विरोध करने पर उन्हें थानों में बंद किया जा रहा है और हाथों में हथकडियां पहनाई जा रही हैं। क्षेत्र के लोगों का पूछना है कि जब ग्रामीण लगातार शराब दुकान बंद करने या स्थानांतरित करने की मांग कर रहे हैं, तो प्रशासन कलारी बंद करने के बजाय आम जनता और महिलाओं पर एफआईआर दर्ज कर उन्हें जेल क्यों भेज रहा है।

रतनजोत के बीज खाने के बाद 9 बच्चे बीमार

अशोकनगर। जिले के कचनार थाने के अंतर्गत ग्राम बरोदिया में 10 से 12 वर्ष की आयु की 9 बच्चों द्वारा रतनजोत के बीज खानें के बाद जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। इन बच्चों में शुभम पुत्र देवेन्द्र अहिरवार उम्र 09 साल, ज्योति पुत्री देवेन्द्र अहिरवार 12 साल, सूरज पुत्र देवेन्द्र अहिरवार उम्र 10 वर्ष, मनीषा पुत्री देवेन्द्र अहिरवार उम्र 09 वर्ष, नेन्सी पुत्री शिवराज अहिरवार उम्र 11 साल, समीर पुत्र जसमन अहिरवार उम्र 12 वर्ष, श्याम पुत्र मोहनसिंह अहिरवार उम्र 8 साल, रविन्द्र पुत्र मोहन अहिरवार 11 वर्ष, अर्जुन पुत्र मोहन अरिहवार उम्र 7 वर्ष शामिल हैं। घटना के बारे में देवेन्द्र अहिरवार ने बताया कि वुधवार की शाम 5 बजे इन बच्चों की अचानक तबीयत बिगड़ गई, उल्टी होने के साथ दस्त होना शुरू हो गए। तबीयत खराब होने पर इन सभी बच्चों को जिला अस्पताल अशोकनगर में उपचार के लिए लाया गया। स्थानीय शिशु वार्ड में इन बच्चों का उपचार किया गया, तबीयत ठीक होने के बाद गुरूवार को वह सभी बच्चे अपने घर लौट गए। इन परिवार जनों ने बताया कि रतनजोत के पेड़ उनके घर के पास में लगे हैं, खेलने के दौरान उन्हें रतन जोत के बीज अच्छे लगे जिससे वह उन्हे खाने लगे। ग्रामीणों ने उक्त रतनजोत के पेड़ कटवाने की मांग की है।

गणेश प्रतिमाओं का आज होगा भक्ति भाव से विसर्जन

तुलसी सरोवर पर बने विसर्जन कुंड का निरीक्षण किया गया



अशोकनगर। गणेश उत्सव के पर्व का समापन शुक्रवार को भक्ति भाव से किया जाएगा, गणेश प्रतिमाओं को झांकी आयोजक भक्ति भाव से लेकर तुलसी सरोवर पर बनाए गए विसर्जन कुण्ड पर पहुंचेगें ,जहां प्रतिमाओं को जल में विसर्जित किया जाएगा। घर घर से भी श्रद्धालु गणेश प्रतिमाओं को विसर्जित करने के लिए पहुंचेगे।

श्री गणेश उत्सव के आयोजनों में शहर के 15 स्थलों पर सार्वजनिक श्री गणेश पंडालों में प्रतिमाएं स्थापित होकर झांकियां सजी हैं आज गणेश उत्सव की विश्राम बेला पर प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए नगर पालिका द्वारा स्थानीय तुलसी सरोवर पर आकर्षक विसर्जन कुंड का निर्माण किया है तुलसी सरोवर स्थित विसर्जन घाट पर नगर पालिका द्वारा पक्का निर्माण कर रेलिंग और लाइटिंग की बेहतर व्यवस्था की है इस विसर्जन स्थल पर आज गणेश प्रतिमाओं को पूजा आरती के साथ पूर्ण श्रद्धा और भक्ति भाव से जल में प्रवाहित किया जाएगा।

अध्यक्ष नीरज मनोरिया के साथ मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद उन्नीतान यंत्री भानु कुशवाह सहित पुलिस अधिकारियों ने जल प्रवाह स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा और सुविधाओं का जायजा लिया। प्रतिमा विसर्जन के समय को ध्यान में रखते हुए नपा अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने प्रतिमा जल प्रवाह स्थल से बच्चों को दूर रखने की अपील की है झांकी समितियों के सदस्य सुरक्षा में सर्तकता बरते अधिक भीड़ घाट पर न हो इन दिनों सरोवर में पानी अधिक है प्रतिमा विसर्जन के साथ कोई युवा अथवा बच्चे तालाब में नहाने न उतरे तलाब में गहराई अधिक है सावधानी और सुरक्षा के साथ साथ सफाई व्यवस्था में भी अध्यक्ष ने लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा पूजा सामग्री सरोवर में न डाले इसके लिए नगर पालिका द्वारा पूजा सामग्री एकत्रित की जाएगी हमारे स्टाफ के साथ सहयोग कर सरोवर को स्वच्छ बनाए रखना हम सभी की नागरिक जिम्मेदारी है। आज साम के समय से ही प्रतिमाओं को जल विसर्जन के लिए सरोवर पहुंचेंगे ट्रैफिक की सुगमता और जल प्रवाहित व्यवस्था के लिए पर्याप्त प्रबंध किए गए हैं।

गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए तीन घाट निर्धारित

अशोकनगर। गणेश उत्सव के समापन को लेकर नईसराय पुलिस ने गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं। पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार थाना नईसराय क्षेत्र में गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए विभिन्न घाटों पर उचित सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पुलिस ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन निर्धारित घाटों पर ही करें। विसर्जन के दौरान पुलिस व्यवस्था,टीम एवं स्थानीय तैराक मौजूद रहेंगे। पुलिस ने श्रद्धालुओं से अन्य स्थानों पर प्रतिमा विसर्जन नहीं करने तथा प्रशासन द्वारा जारी सभी निर्देशों का पालन करने की अपील की है। पुलिस के अनुसार विसर्जन स्थल पर कम से कम लोग जाएं और बच्चों को पानी के पास जाने न दें। निर्धारित स्थानों के अतिरिक्त किसी अन्य स्थान पर विसर्जन करने की स्थिति में संबंधित आयोजक जिम्मेदार होंगे। विसर्जन के लिए निर्धारित घाट,देपलाखेड़ी घाट,कांका घाट,अखाई घाट इन स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए थाना नईसराय का पुलिस बल,एसडीआरएफ टीम एवं स्थानीय तैराक लाइफ जैकेट, ट्यूब, रस्सी एवं टॉर्च के साथ मौजूद रहेंगे।



सफाई कर्मियों की अनिश्चित कालीन हड़ताल हुई शुरू

शाढ़ौरा। नगर परिषद शाढ़ौरा के सफाई मित्रों और कर्मचारियों ने चार सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल शुरू कर दी है। गुरुवार सुबह से सफाई कर्मचारी काम से दूर रहे और सुबह करीब 11 बजे नगर परिषद प्रांगण में एकत्र होकर धरने पर बैठ गए।

कर्मचारियों ने नगर परिषद अध्यक्ष अशोक माहौर को ज्ञापन सौंपकर मांगों के निराकरण की मांग की और कहा कि जब तक समस्याओं का समाधान नहीं होता, हड़ताल जारी रहेगी। सफाई कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष अखिलेश सांवर ने बताया कि कर्मचारियों की मांगों को लेकर पहले भी कई बार ज्ञापन दिए जा चुके हैं और हड़ताल भी की गई, लेकिन सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के कारण नगर की सफाई व्यवस्था प्रभावित होने लगी है। यदि हड़ताल लंबी चली तो कचरा उठाव और नियमित सफाई बाधित होने से नागरिकों की परेशानी बढ़ सकती है और गंदगी के कारण संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ने की आशंका है।

चार सूत्रीय मांगों को लेकर काम किया बंद, परिषद अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

कर्मचारियों का कहना है कि पिछले सात वर्षों से पीएफ राशि का भुगतान लंबित है, जिसे तत्काल जारी किया जाए। इसके साथ ही कर्मचारियों ने एक वर्ष पूर्व के एक माह के लंबित वेतन का भुगतान करने, सभी सफाई मित्रों का विनियमितिकरण करने और मासिक वेतन प्रत्येक माह की 1 से 5 तारीख के बीच देने की मांग रखी है। कर्मचारियों का आरोप है कि अभी तक अगस्त माह का वेतन भी नहीं मिला है। इस संबंध में नगर परिषद सीएमओ शमशाद पठान ने बताया कि परिषद की वित्तीय स्थिति कमजोर है। पीएफ भुगतान के लिए करीब 1.5 करोड़ रुपए की राशि विभाग से मांगी गई है। राशि मिलने के बाद कर्मचारियों का भुगतान किया जाएगा।

अज्ञान से भी खाली होना ही आकिंचन्य है: मुनिश्री निरंजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



ग्रहण और त्याग दोनों के भावों से ऊपर जो धर्म हमारे भीतर प्रकट होता है, वह आकिंचन्य धर्म है। त्याग करते-करते अन्त में आपके पास क्या बचेगा? कुछ नहीं। जिसके पास कुछ नहीं बचा वह अकिंचन कहलाता है और आकिंचन का जो भाव है वह आकिंचन्य कहलाता है। परिग्रह का त्याग हो जाने पर ही पूर्ण आकिंचन्य धर्म प्रकट होता है।

यह बात मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि सुख आत्मा का गुण है। भले ही वह वर्तमान में विपरीत रूप परिणमन कर रहा हो पर यह निश्चित है कि जब भी वह प्रकट होगा तब आत्मा में ही प्रकट होगा यह ध्रुव सत्य है, परन्तु मोह के कारण यह जीव परिग्रह को सुख का कारण जान उसके संचय में रात-दिन एक कर रहा है। ष्परितो गृह्णाति आत्मानं इति परिग्रहः जो आत्मा को सब ओर से पकड़कर, जकड़कर रखे वह परिग्रह है। परमार्थ से विचार किया जाय तो यह परिग्रह ही जीव को समन्तात् अर्थात् सब ओर से जकडे हुए है। मूच्छा परिग्रहः आचार्य उमास्वामी महाराज ने परिग्रह का लक्षण मूच्छा रखा है। मैं इसका स्वामी हूँ, ये मेरे स्व हैं इस प्रकार का भाव ही मूच्छा है। इस मूच्छा के रहते हुए पास में कुछ भी न हो तब भी यह जीव परिग्रही कहलाता है और मूच्छा के अभाव में समवसरण रूप विभूति के रहते हुए भी अपरिग्रह-परिग्रहरहित कहलाता है।

परिग्रह सबसे बड़ा पाप है, जो दशम गुणस्थान तक इस जीव का पिण्ड नहीं छोड़ता। आज परिग्रह के कारण संसार में त्राहि-त्राहि मच रही है। जहाँ देखो वही परिग्रह की पुकार है। जिनके पास है वे उसे अपने पास से अन्यथा नहीं जाने देना चाहते हैं और जिनके पास नहीं है वे उसे प्राप्त करना चाहते हैं।इसलिये संसार में संघर्ष मचा हुआ है। यदि लोगों की दृष्टि में इतनी बात आ जाय कि परिग्रह निर्वाह का साधन है। निर्वाण का नहीं। जिस प्रकार हमें भोजन, वस्त्र और निवास की आवश्यकता है उसी प्रकार दूसरे के लिये भी इसकी आवश्यकता है। अतः हमें आवश्यकता से अधिक अपने पास नहीं रोकना चाहिये, तो संसार का कल्याण हो जायेगा। यदि परिग्रह का कुछ भाग एक जगह अनावश्यक रुक जाता है तो दूसरी जगह उसके बिना कमी होने से संकट उत्पन्न हो जाता है। शरीर के अन्दर जब तक रक्त का संचार होता रहता है तब तक शरीर के प्रत्येक अंग अपने कार्य में दक्ष रहते हैं, पर जहाँ कहीं रक्त का संचार रुक जाता है वहाँ वह अंग बेकार हो जाता है। जहाँ रक्त रुक जाता है, वहाँ मवाद पैदा हो जाता है यही हाल परिग्रह का है। जहाँ नहीं पहुंचेगा वहाँ उसके बिना संकटापन्न स्थिति हो जायेगी और जहाँ रुक जायेगा वहाँ मद-मोह विभ्रम आदि दुर्गुण उत्पन्न कर देगा।

पेड़ की छांव के बजाय अब तंग जगह में लग रहीं कक्षाएं

अशोकनगर। बीते 16 सितंबर को क्षेत्र के टोरिया चक्क स्थित प्राथमिक विद्यालय की कक्षा का पेड़ की छांव के नीचे लगने का समाचार प्रमुखता से प्रकाशित हुआ था। इसके बाद विद्यालय में सुधार की कवायद शुरु की गई थी लेकिन एक सप्ताह गुजरने के बाद भी प्रशासन एक कदम आगे नहीं बढ़ पाया है, हालांकि कक्षाओं का संचालन अब पेड़ की छांव से हटकर नजदीक ही बनी एक निजी दालान में आ गया है। गुरुवार को इसी निजी दालान में कक्षा संचालित हो रही थी। 200 वगफीट की इस दालान में दो तखत, सोफा रखी हुई थी। बाकी बची जगह में एक टाटपट्टी पर आधा दर्जन बच्चे बैठकर सामने रखे बोर्ड से कखग सीख रहे थे। मौके पर उपस्थित षिक्षकों ने बताया कि समाचार प्रकाषन होने के बाद वरिष्ठ कार्यालय से स्पष्ट निर्देष थे कि पेड़ के नीचे कक्षा संचालित न करके निजी दालान में की जाए। इसलिए जो जगह मिली, वहीं बैठकर बच्चों को पढ़ा रहे हैं। प्रधानाध्यापक करोड़ीलाल अहिरवार ने बताया कि समाचार प्रकाशन के बाद बहादुरपुर तहसीलदार एवं हल्का पटवारी एक दिन निरीक्षण के लिए आए थे। इसके अलावा विकासखंड शिक्षा केन्द्र से भी निरीक्षण दल आया था। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक संकेत हैं कि जल्द ही यहां कोई बदलाव होगा। हालांकि विद्यालय का जीर्ण-शीर्ण भवन अब भी आधी टूटी छत के साथ ज्यों का त्यों खड़ा हुआ है। ग्राम पंचायत द्वारा प्रांगण की सफाई भी नहीं कराई गई।

शासकीय विधि महाविद्यालय अशोकनगर में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित



अशोकनगर। सेवा संकल्प अभियान 2026 के तहत शासकीय विधि महाविद्यालय अशोकनगर में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संजीव भारिल्य सांसद प्रतिनिधि, मनन छाबडा महामंत्री युवा मोर्चा एवं तुसार खैर एवं महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. गरिमा राठौर की अध्यक्षता, नोडल अधिकारी रिचर्ड डिंडोर के मार्गदर्शन में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें महाविद्यालय के 12 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें सिमरजीत कौर प्रथम, विशाल लोधी द्वितीय, आयुषी जैन तृतीय, आदित्य श्रीवास्तव चतुर्थ, संजना एवं साक्षी सयुक्त रूप से पंचम स्थान प्राप्त किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के बहादुरसिंह, डॉ. अनिलसिंह तोमर, उर्मिला यादव, बलवीरसिंह जाटव, अरविन्द जोशी, पवन लोधी एवं अभिषेक बाल्मीकि तथा अधिकांश विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

गजानन महाराज की झांकी में गूंजे भजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ चंदेरी

नगर के पसियापुरा में कोली समाज द्वारा आयोजित गणेश उत्सव समिति के तत्वावधान में स्थापित श्री गजानन महाराज की भव्य झांकी में जलझूलनी एकादशी का पर्व अत्यंत श्रद्धा व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भजनों का आयोजन हुआ। इस अवसर पर श्री श्री 1008 श्री नव युवक श्री गणेश महोत्सव समितिश एवं कोटा पंचायत समिति के संयुक्त तत्वावधान में 17वें गणेश उत्सव का आयोजन किया गया। पर्व के उपलक्ष्य में कोटा (राजस्थान) से पधारे मुरलीधर भगवान एवं प्राणपुर से पधारे रघुनाथ जी महाराज के देव विमानों का भव्य आगमन हुआ। कोटा से विशेष रूप से पधारे कोली समाज के श्रद्धालुओं द्वारा पारंपरिक रीति- रिवाज एवं ढोल-नगाड़ों के साथ विमानों को झांकी स्थल तक लाया गया।

देर रात तक बही भक्ति रस की धारा

थाने के सामने स्थापित श्री गजानन महाराज के दरबार में बुधवार की रात विशाल भजन संध्या का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में भोपाल से आईं प्रख्यात भजन गायिका प्रिया गुप्ता एवं अशोकनगर के लोकप्रिय गायक रामवीर सिंह रघुवंशी ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दीं। गायकों के सुरीले भजनों और भक्तिमय भजनों की धुन पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते नजर आए। संपूर्ण कार्यक्रम के दौरान चंदेरी का माहौल पूरी तरह धर्ममय और गणेश मय बना रहा। आयोजन में समिति के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय एवं बाहर से आए श्रद्धालुओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

जर्मनी, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया व इंग्लैंड के पर्यटकों ने जाना चंदेरी

कटी घाटी पर ढोलक की थाप सुन थिरके विदेशी मेहमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंदेरी

ऐतिहासिक नगरी चंदेरी में गुरुवार को कटी घाटी का नजारा उस समय खास हो गया, जब ढोलक की थाप पर विदेशी पर्यटक खुद को थिरकने से नहीं रोक सके। जर्मनी, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड से दो दिवसीय प्रवास पर आए पर्यटकों ने स्थानीय लोक वादन का आनंद लिया और परमाल की ढोलक की पारंपरिक थाप पर जमकर झूमे।

मालवा और बुंदेलखंड के प्रवेश द्वार के रूप में पहचान रखने वाली कटी घाटी पर पर्यटकों ने स्थानीय संस्कृति को करीब से महसूस किया। ढोलक की लय शुरू होते ही विदेशी मेहमानों का उत्साह देखते ही बना। उन्होंने पारंपरिक लोक वादन को न केवल सुना, बल्कि उसकी धुन पर थिरककर अपनी खुशी भी जाहिर की।

गाइड ने कराया ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण

पर्यटकों के समूह को ग्रुप लीडर मरियानी (नागालैंड) चंदेरी लेकर आई थीं। दो दिवसीय प्रवास के दौरान भारतीय पर्यटन के फैसिलिटेटर एवं गाइड कल्ले भाई ने उन्हें शहर के प्रमुख ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों का भ्रमण कराया। पर्यटकों ने श्री गणेश उत्सव की झांकियां देखीं और मंदिरों में आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों व भजनों का आनंद लिया।





स्मारकों की स्थापत्य कला ने भी किया आकर्षित

पर्यटकों ने पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित चंदेरी के विभिन्न ऐतिहासिक स्मारकों का भी भ्रमण किया। प्राचीन स्थापत्य, पत्थरों पर की गई बारीक नक्काशी और ऐतिहासिक संरचनाओं को उन्होंने करीब से देखा। चंदेरी की स्थापत्य परंपरा और समृद्ध विरासत ने विदेशी मेहमानों का ध्यान खींचा।

विरासत के साथ लोक संस्कृति बनी आकर्षण

चंदेरी भ्रमण के दौरान पर्यटकों के लिए यहां की ऐतिहासिक धरोहर के साथ लोक संस्कृति भी आकर्षण का केंद्र रही। कटी घाटी पर ढोलक की थाप पर विदेशी मेहमानों का थिरकना स्थानीय संस्कृति के प्रति उनके उत्साह को दर्शाता रहा। ऐतिहासिक स्मारकों से लेकर मंदिरों और लोक संगीत तक, चंदेरी की विविध सांस्कृतिक पहचान ने पर्यटकों के दो दिवसीय प्रवास को यादगार बना दिया।

घाट की व्यवस्थाओं का कलेक्टर व एसपी ने किया निरीक्षण

गणेश विसर्जन पर सुरक्षा, साफ-सफाई, प्रकाश व यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

गणेश प्रतिमा विसर्जन को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। गुरुवार को कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने सारंगपुर कालीसिंध नदी स्थित गणेश विसर्जन घाट एवं कपिलेश्वर घाट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने घाट पर सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, यातायात प्रबंधन सहित श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की जा रही तैयारियों का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक प्रबंध समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।



कलेक्टर डॉ. मिश्रा एवं एसपी अमित तोलानी ने कहा कि गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए घाट पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए साफ-सफाई, रोशनी और यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित रखा जाए। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा विसर्जन स्थल पर व्यवस्थाओं की निरंतर निगरानी रखने के निर्देश दिए। साथ ही सभी आवश्यक तैयारियां विसर्जन से पहले ही पूरी करने पर जोर दिया। इस दौरान एसडीओपी अरविंद्र सिंह, तहसीलदार कपिल शर्मा,थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी सहित अन्य मौजूद थे।

सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था व साफ-सफाई के निर्देश, नदी में विसर्जन नहीं करने की अपील

गणेश विसर्जन कुंड का नपा अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज. सारंगपुर

आगामी अनंत चतुर्दशी एवं गणेश प्रतिमा विसर्जन पर्व को लेकर नगर पालिका परिषद सारंगपुर द्वारा की जा रही तैयारियों का नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल ने जायजा लिया। उन्होंने नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा के साथ शहर में तैयार किए गए कृत्रिम मूर्ति विसर्जन कुंड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने विसर्जन स्थल पर जल स्तर, सुरक्षा व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई सहित श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की गई अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा सुरक्षा के सभी आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल ने नागरिकों से अपील की कि पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए गणेश प्रतिमाओं का



विसर्जन केवल निर्धारित कृत्रिम विसर्जन कुंड में ही करें और व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने में नगर पालिका का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि पीओपी और रासायनिक रंगों से निर्मित प्रतिमाओं के सीधे नदी में विसर्जन से जल प्रदूषण बढ़ता है। प्रतिमाओं में प्रयुक्त रंगों में मौजूद रासायनिक तत्व और भारी धातुएं जलीय जीवों के साथ-साथ पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती हैं। जीवनदायिनी कालीसिंध नदी को रासायनिक प्रदूषण से बचाने के उद्देश्य से नगर पालिका द्वारा अलग से विसर्जन कुंड तैयार किया गया है। कृत्रिम कुंड में प्रतिमाओं का विसर्जन होने से नदी के प्राकृतिक जलस्रोत को प्रदूषण से बचाने में मदद मिलेगी। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा वरिष्ठ पार्षद गोपाल पाल, राकेश पुष्पद, कर्मचारी राजकुमार गिरजे, गौरव शर्मा सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

पहली बार इस रविवार को खुले रहेंगे सभी बैंक, होगा लेन-देन

वित्त मंत्रालय ने सभी बैंकों को जारी किए हैं निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

बैंक यूनियनों की 28 से 30 सितम्बर तक प्रस्तावित तीन दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल और इससे ठीक पहले 26 व 27 सितंबर के साप्ताहिक अवकाश के कारण सितम्बर के अंतिम दिनों में लगातार पांच दिन बैंकिंग सेवाएं प्रभावित होने और वित्तीय संकट को देखते हुए, वित्त मंत्रालय ने बुधवार को एक - आदेश जारी कर रविवार का बैंक अवकाश निरस्त करते हुए सभी बैंक खोलने के निर्देश दिए हैं। अब रविवार 27 सितम्बर को राजगढ़ जिले मे स्थित एवं प्रदेश मे समस्त सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक सामान्य कार्य दिवस की तरह खुले रहेंगे।

वित्त मंत्रालय के निर्देश के बाद आरबीआई ने भी 27 सितम्बर को बैंक शाखाओं, कार्यालयों, एटीएम-लिंक शाखाओं और करेंसी चेस्ट को पूरी तरह संचालित रखने की अनुमति दी है। इसके तहत रविवार को ग्राहकों के नियमित बैंकिंग कार्य किए जा सकेंगे। यूनियनों का कहना है मार्च 2024 के वेतन समझौते में इस पर सहमति बनी थी, लेकिन अब तक लागू नहीं हुआ। पेंशन अपडेट, पेंशन-डीए में सुधार और परफॉर्मेंस लिंक्ड इंसेंटिव से जुड़े मुद्दे भी शामिल हैं। यूनियन ने चेतावनी दी है मांगें नहीं मानी तो 26 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी।

हड़ताल से पहले काम निपटाने की ग्राहकों से अपील

इधर, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ने ग्राहकों से अपील की है कि वे अपने जरूरी बैंकिंग लेन-देन 25 सितम्बर तक पूरा कर लें। नकदी की आवश्यकता होने पर पहले से व्यवस्था करने तथा जरूरत के अनुसार एटीएम का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है। इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई और अन्य डिजिटल माध्यमों से लेन-देन जारी रखा जा सकता है।

27 को बैंकों में सामान्य वित्तीय लेन-देन होगा

28 से बैंकर्स की तीन दिवसीय हड़ताल को देखते हुए सरकार ने रविवार को बैंक शाखाएं खोलने के निर्देश दिए हैं। इसलिए 27 सितम्बर को जिले की सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शाखाएं जनता के लिए खुली रहेंगी और सामान्य वित्तीय लेन-देन होगा।

विधायक ने कृषि साख संस्था का किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज. जीरापुर। समीपवर्ती ग्राम काशीखेड़ी में बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित का शुभारंभ विधायक हजारीलाल दांगी ने फीता काटकर किया।इस अवसर पर विधायक दांगी ने कहा कि सहकारी संस्था से गांव एवं आसपास के उपभोक्ताओं को राशन यहीं उपलब्ध होगा, जिससे आसपास की संस्था तक आने-जाने में लगने वाले समय की भी बचत होगी।जहां पर सरपंच बापूलाल दांगी, संस्था प्रबंधक भगवानसिंह सौंधिया, शाखा प्रबंधक मांगीलाल शर्मा, संस्था कर्मचारी बद्रीलाल चैहान, दीनदयाल सरावत, प्रेमसिंह सौंधिया, मांगीलाल दांगी सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

वडनगर से वाराणसी तक निकाली यात्रा, प्रधानमंत्री मोदी ने युवाओं से लक्ष्य तय कर आगे बढ़ने का किया आह्वान

सेवा संकल्प बाइक यात्रा का राज्य मंत्री गौतम टेटवाल के नेतृत्व में स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

वडनगर से वाराणसी तक निकाली जा रही सेवा संकल्प बाइक यात्रा का बुधवार को सारंगपुर राज्य मंत्री गौतम टेटवाल के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया इसके बाद नगर में बाइक रैली निकालकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी कड़ी में बाइक रैली गुरुवार को पचोर पहुंची जहां उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया।

इस दौरान यात्रा में शामिल प्रतिभागियों सहित उपस्थित जन प्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन सुना। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौशल विकास एवं रोजगार विभाग गौतम टेटवाल, सांसद रोडमल नागर, भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा,



पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी सहित जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में युवाओं द्वारा स्वच्छता एवं वृक्षारोपण के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने युवाओं से पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने युवाओं को अपने जीवन के लिए एक वर्ष की कार्ययोजना तैयार करने, अपने लक्ष्यों को डायरी में लिखने तथा प्रतिदिन की प्रगति दर्ज करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करने से युवा अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ा सकते हैं। साथ ही वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में युवाओं और प्रत्येक नागरिक की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। प्रधानमंत्री ने यात्रा के प्रतिभागियों से विभिन्न राज्यों की भाषा, वेशभूषा, खान-पान और सांस्कृतिक विविधताओं को समझने का अनुभव प्राप्त करने की बात कही। उन्होंने यात्रा के अनुभवों को संजोते हुए एक डॉक्यूमेंट्री तैयार करने का सुझाव भी दिया। पचोर में यात्रा के पहुंचने पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने यात्रियों का अभिनंदन किया और सेवा, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उनके प्रयासों की सराहना की। इस दौरान पचोर नगर परिषद अध्यक्ष विकास करोड़िया, विकास दीक्षित, एसडीएम जय सोलंकी, एसडीओपी अरविंद्र सिंह थाना प्रभारी शकुंतला बामनिया राहुल रघुवंशी सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद थे।

बाइक यात्रा के नगर में पहुंचते ही कार्यकर्ता और नागरिक हुए उत्साहित

नरसिंहगढ़ में वडनगर से वाराणसी जा रही सेवा संकल्प यात्रा का स्वागत किया गया, पुष्पवर्षा की जयघोष से गूंज गया नगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस एवं सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वडनगर से वाराणसी तक निकाली जा रही सेवा संकल्प यात्रा के नरसिंहगढ़ विधानसभा क्षेत्र में पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं नगरवासियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। यात्रा के नगर में पहुंचते ही कार्यकर्ताओं और नागरिकों में उत्साह का माहौल दिखाई दिया। यात्रियों के स्वागत के लिए कार्यकर्ताओं द्वारा बाइक रैली निकाली गई।


इस दौरान पुष्पवर्षा कर यात्रा का अभिनंदन किया गया तथा जयघोष से वातावरण गूंज उठा। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं नागरिक बाइक रैली में शामिल हुए और यात्रा में शामिल लोगों का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर यात्रा में



शामिल सदस्यों ने अपनी सेवा यात्रा के अनुभव क्षेत्रवासियों के साथ साझा किए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन तथा सेवा संकल्प से जुड़े अनुभवों की जानकारी भी दी। यात्रा के उद्देश्य और अब तक के पड़ावों के बारे में भी कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों को बताया गया। कार्यक्रम में सांसद रोडमल नागर, जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, दिलवर यादव सहित जनप्रतिनिधिगण, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

पिपली वाले बालाजी मंदिर में महाआरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसादी बांटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर



नगर के प्रसिद्ध पुराना बस स्टैंड स्थित पिपली वाले बालाजी मंदिर पर आयोजित सात दिवसीय संगीतमय सप्ताह जी का गुरुवार को धार्मिक उल्लास के साथ समापन हुआ। सप्ताहभर मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर धर्मलाभ लिया। समापन अवसर पर गुरुवार दोपहर विशेष धार्मिक आयोजन के पश्चात विधि-विधान से महाआरती की गई। महाआरती के दौरान मंदिर परिसर जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने बालाजी महाराज के दर्शन कर सुख-समृद्धि एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। महाआरती के बाद मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं धर्मप्रेमी मौजूद रहे। सप्ताह जी के दौरान प्रतिदिन धार्मिक वातावरण बना रहा तथा भजन-कीर्तन से मंदिर परिसर भक्तिमय नजर आया। आयोजन के समापन पर आयोजकों ने सप्ताह जी में सहयोग करने वाले सभी श्रद्धालुओं एवं धर्मप्रेमियों का आभार व्यक्त किया।

मेरे सपनों का भारत सेवा चित्र प्रतियोगिता का आयोजन किया

विद्यार्थियों को समाज व राष्ट्र के प्रति सेवा भाव रखने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

शासकीय महाविद्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मेरे सपनों का भारत (सेवा चित्र) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. हिमांशु चाष्टा की अध्यक्षता, संयोजक प्रो. दिव्यांश शर्मा , प्रो पितरुष धुर्वे, प्रो कनिज अंसारी, डॉ. वंदना चुटेल,



ललित कुमार शर्मा के निर्देशन में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. हिमांशु चाष्टा , ग्रंथपाल डॉ. पुष्पेंद्र कुमार अहिरवार ने छात्र-छात्राओं को सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्य महत्व के संबंध मे विद्यार्थियों को समाज एवं राष्ट्र के प्रति सेवा भाव रखने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के मूल्यांकन हेतु निर्णायक समिति पुष्पेंद्र कुमार अहिरवार, डॉ. ओम प्रकाश गुप्ता, अंकित सिंह ने छात्र-छात्राओं की प्रस्तुतियों का मूल्यांकन किया। छात्र-छात्राओं को जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया।

त्योहारों से पहले चाकूबाजी करने वालों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

आगामी त्योहारों को देखते हुए कोतवाली पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों और जुलूसों में हुड़दंग, लड़ाई-झगड़ा, चाकूबाजी व शांति भंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस ने ऐसे 6 व्यक्तियों को अभिरक्षा में लेकर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की। कार्रवाई एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में एएसपी मोनिका तिवारी व सीएसपी अतुल सिंह के मार्गदर्शन में की गई। कार्रवाई में प्रिंस राजपूत, अंकित चादर, ऋतिक रघुवंशी, संतोष कुशवाह, बिट्टू उर्फ पतिदेव और रोहित साहू शामिल हैं। टीआई आनंद राज ने बताया कि जिन लोगों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है उनमें प्रिंस राजपूत तलैया मोहल्ला अंकित शिक्षक कॉलोनी, ऋतिक रघुवंशी बंटी नगर, संतोष कुशवाह शंकरटीला मोहनगिरी, बिट्टू सुल्तानपुर, जिला रायसेन, हाल निवासी विदिशा, रोहित साहू उदय नगर कॉलोनी शामिल हैं।

हाईकोर्ट के निर्देश पर हुई कार्रवाई

एसडीएम ने प्राचार्य को सौंपी चाबियां

विदिशा। प्रशासन ने बुधवार को कनारा क्रिकेट ग्राउंड का अधिकार स्कूल प्रबंधन को सौंप दिया। एसडीएम मनीष जैन, तहसीलदार प्रीतिपंथी और पुलिस बल की मौजूदगी कार्रवाई की गई। मैदान से जुड़े अलग-अलग स्थानों के ताले और उनकी चाबियां भी स्कूल के प्राचार्य को सौंप दी गईं। अब मैदान के उपयोग और व्यवस्थाओं को लेकर स्कूल प्रबंधन की भूमिका स्पष्ट हो गई है। एसडीएम मनीष जैन ने बताया कि मैदान पर क्रिकेट प्रशिक्षण पहले की तरह जारी रहेगा। आम नागरिक भी मैदान का उपयोग कर सकेंगे, लेकिन स्कूल के बच्चों की खेल गतिविधियों और उनकी सुविधा को प्राथमिकता दी जाएगी।

जिला पंचायत राजगढ़ की साधारण सभा की बैठक आयोजित

जिला पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में विकास कार्यों व योजनाओं की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जिला पंचायत सभाकक्ष में अध्यक्ष चंदर सिंह सोंधिया की अध्यक्षता में साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी, राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पर्वत लाल यादव सहित सभी जिला पंचायत सदस्य और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में निर्धारित एजेंडा बिंदुओं के अनुसार जिले में संचालित विकास कार्यों, विभागीय योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा की गई। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में निर्माण कार्य, पेयजल व्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास तथा महिला एवं बाल विकास से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

जिला पंचायत सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों की स्थानीय समस्याओं व आवश्यकताओं को सदन के समक्ष रखा और पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ दिलाने तथा स्वीकृत निर्माण कार्यों को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण कराने की बात कही।मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) जिला पंचायत डॉ. इच्छित



गढ़पाले ने एजेंडा बिंदुओं की प्रगति प्रस्तुत की और संबंधित अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सोंधिया ने कहा कि जिले के ग्रामीण अंचलों का समग्र विकास और आमजन तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय बनाकर कार्य करने पर जोर दिया।